# टीम इंडिया के गेंदबाज विकेट को तरसे

## दूसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दिया 214 रन का लक्ष्य

**न्यू चंडीगढ़ 11 दिसम्बर. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज (11 दिसंबर) मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मुकाबले में भारतीय टीम को जीत के लिए 214 रनों का टारगेट मिला है. अफ्रीकी टीम के लिए क्विंटन डिकॉक ने 90 रनों का योगदान दिया.**



भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में 101 रनों से जबरदस्त जीत

▶ **डिकॉक की धमाकेदार पारी ने मैच का रुख बदला**

हासिल की थी. वो मुकाबला 9 दिसंबर को कटक के बाराबती स्टेडियम में खेला गया था. अब भारतीय टीम इस मैच को जीतकर टी20 सीरीज में 2-0 की लीड लेना चाहेगी. मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चार विकेट पर 213 रन बनाए. साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी रही. क्विंटन डिकॉक और रीजा हेंड्रिक्स ने मिलकर पहले विकेट के लिए 38 रनों की साझेदारी. वरुण चक्रवर्ती ने हेंड्रिक्स (8 रन) को आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ा. इसके बाद डिकॉक और मार्करम ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 83 रन जोड़े. इस साझेदारी के दौरान डिकॉक ने सिर्फ 26 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी की. 29 रन बनाने वाले मार्करम को वरुण ने चलता किया. ऐसा लग रहा था कि क्विंटन डिकॉक अपना शतक जड़ेंगे, लेकिन भारतीय विकेटकीपर जितेश शर्मा की शानदार फील्डिंग के चलते वो रन आउट हुए. डिकॉक ने 7 चौके और पांच छक्के की मदद से 46 गेंदों पर 90 रन बनाए. डिकॉक के आउट होने के समय साउथ अफ्रीका का स्कोर 156/3 था. साउथ अफ्रीका का चौथा विकेट डेवाल्ड ब्रेविस (14 रन) के रूप में गिरा, जो अक्षर पटेल का शिकार बने. यहां से डेविड मिलर और डोनोवन फरेरा ने पांचवें विकेट के लिए 23 बॉल पर नाबाद 53 रनों की साझेदारी कर साउथ अफ्रीका को बड़े स्कोर तक पहुंचाया. फरेरा ने 3 छक्के और 1 चौके की मदद से 16 बॉल पर 30* रनों का योगदान दिया. जबकि मिलर ने 12 बॉल पर नाबाद 20 रन बनाए, जिसमें 2 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा. भारत की ओर से गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती सबसे असरदार साबित हुए। उन्होंने अपनी लाइन-लेंथ से बल्लेबाजों को परेशान किया और दो विकेट अपने नाम किए। अक्षर पटेल ने भी एक विकेट चटकाया, लेकिन टीम के बाकी गेंदबाज पूरी तरह फ्लॉप रहे।

### अर्शदीप का 13 गेंद का ओवर



भारत की तरफ से 11वां ओवर खराब रहा। अर्शदीप सिंह ने इस ओवर में 7 वाइड कीं। यह ओवर 13 गेंद का रहा। इससे पहले टी20 में किसी भी भारतीय गेंदबाज ने नहीं किया था। शमी ने वनडे में 17 गेंद का ओवर किया था। जिसमें 7 वाइड और चार नो बॉल रही थी। अर्शदीप ने 18 रन खर्च किए। अर्शदीप सिंह, जिनका यह दिन किसी भी गेंदबाज के लिए डरावना सपना बन सकता था। उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए, जबकि उनकी गेंदबाजी में नौ वाइड शामिल थीं। उनकी इकॉनमी 13.50 रही, जिसने भारत पर अतिरिक्त दबाव डाला। यह न सिर्फ रनगति बढ़ाता गया बल्कि भारतीय फील्डरों और कप्तान की रणनीति को भी लगातार चुनौती देता रहा।

टी-20 विश्व कप 2026


# आज से शुरू होगी टिकटों की बिक्री




**दुबई 11 दिसंबर** अगले साल सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए गुरुवार शाम को टिकटों की बिक्री शुरु होगी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज बताया कि भारतीय समयनुसार शाम 6:45 बजे बिक्री शुरू होगी। टिकट बिक्री के पहले चरण में कुछ भारतीय स्टेडियम में टिकट प्रशंसक खरीद सकेंगे। टिकट बिक्री के दूसरे चरण की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका के आठ स्टेडियमों में खेला जायेगा।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने कहा, 'टिकट बिक्री का पहला चरण अब तक के सबसे सुलभ और ग्लोबल आईसीसी इवेंट को आयोजित करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए हमारा विजन स्पष्ट है : हर फ़ैन, चाहे उसका बैकग्राउंड, जगह या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, उसे वर्ल्ड-क्लास क्रिकेट का स्टेडियम में अनुभव करने का मौका मिलना चाहिए।' टूर्नामेंट के पहले चरण में ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड्स, नामीबिया। ग्रुप बी में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जिम्बाब्वे, ओमान। ग्रुप सी में इंग्लैंड, वेस्ट इंडीज, बंगलादेश, नेपाल, इटली। ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, कनाडा, यूएई है। टूर्नामेंट की 20 टीमों को चार-चार के पांच ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सुपर आठ फेज में जाएंगी, जहां उन्हें आगे चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा।

## यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट



**ढाका 11 दिसंबर** पुलिस ने बंगलादेश 'ए' टीम के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर तोफेल अहमद रायहान के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न को लेकर चार्जशीट दाखिल की है। गुलशन पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद समिउल इस्लाम ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, 'चार्जशीट महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की धारा 9(1) के तहत दाखिल की गई है।' दस्तावेज़ के अनुसार, तोफेल के खिलाफ आरोप पहली नजर में सही साबित हुए, जिसका समर्थन शिकायतकर्ता के शुरुआती बयान, होटल बुकिंग रिकॉर्ड, मेडिकल जांच और दूसरे सबूतों से हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 30 दिसंबर को होगी, जब चार्जशीट कोर्ट के सामने पेश की जाएगी। केस दस्तावेजों में कहा गया है कि तोफेल ने इस साल जनवरी में पहली बार महिला से फेसबुक पर संपर्क किया था और मैसेंजर पर रेगुलर बातचीत हुई जो बाद में एक रोमांटिक रिश्ते में बदल गई। महिला ने शुरू में मना कर दिया था, लेकिन बाद में तोफेल के यह भरोसा दिलाने पर मान गई कि वह उससे शादी करना चाहता है।




# बस्तर ओलंपिक में मैरीकॉम और भूटिया करेंगे शिरकत

## गृह मंत्री अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर, 11 दिसंबर.** छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में अपना विशेष स्थान बना चुके 'बस्तर ओलंपिक 2025' का संभाग स्तरीय चरण आज से शुरू हो गया है, जिसने पूरे राज्य में उत्साह और ऊर्जा का नया वातावरण तैयार कर दिया है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा

▶ **आज से संभाग स्तरीय दौर की शुरुआत**

▶ **युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच से जोड़ने का उद्देश्य**

आयोजित यह प्रतियोगिता अब सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं और युवा शक्ति को राष्ट्रीय मंच से जोड़ने वाला एक ऐसा व्यापक आंदोलन बन चुकी है, जिसने राज्य के खेल कैलेंडर में स्थायी पहचान स्थापित की है। कुल तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश की नामी खेल हस्तियों की उपस्थिति इसे और भी विशेष बना रही है। आज के उद्घाटन समारोह में छह बार की विश्व विजेता, लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदकधारी और भारत के सबसे सम्मानित खेल चेहरों में से एक मैरी कॉम खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगी।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 13 दिसंबर को होगा, जिसमें भारतीय फुटबॉल के दिग्गज, पूर्व भारतीय टीम कप्तान और पद्मश्री-अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित बाइचुंग भूटिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल में भूटिया का योगदान आज भी युवाओं के लिए उदाहरण है, और उनकी मौजूदगी राज्य के उभरते फुटबॉल प्रतिभाओं को नए लक्ष्य निर्धारित करने का साहस देगी। इस वर्ष के बस्तर ओलंपिक की प्रतिष्ठा को और बढ़ाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शामिल होंगे।

### एक नजर में

#### डब्ल्यूबीबीएल के फाइनल में पर्थ स्कॉचर्स

**नॉर्थ सिडनी.** बेथ मूनी (76) और अलाना किंग (11 रन और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पर्थ स्कॉर्चर्स ने सिडनी सिक्सर को 11 रनों से हराकर डब्ल्यूबीबीएल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 183 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बेथ मूनी ने (76), केटी मैक (40), पेज स्कोफील्ड ने (14) रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और अमेलिया केर (42), सोफिया डंकले (41), एलिसे पेरी (29) और एश गार्डनर (26) रन बना करन आउट हुयी। सिक्सर निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 172 रन ही बना सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई। पर्थ स्कॉर्चर्स और होबार्ट हरिकेंस के बीच शनिवार को फाइनल मुकाबला होगा।

#### रियल मैड्रिड के कई खिलाड़ियों पर प्रतिबंध

**मैड्रिड.** सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाये गये है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है, कैरेरास को रेफरी क्विंटरो गोंजालेज को बाहर किए जाने के बाद 'एरेस मालिसिमो' (तुम बहुत बुरे हो) कहने के लिए सजा दी गई है। मैदान पर नहीं उतरने वाले एंड्रिक को भी रेड कार्ड दिखाया गया और 'बेंच से उठकर टेक्निकल एरिया से बाहर जाने, चौथे रेफरी पर चिल्लाने और टेक्निकल स्टाफ के सदस्यों द्वारा रोके जाने की जरूरत पड़ने' के लिए दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया।



#### एमरी की रणनीति और धैर्य से एस्टन विला की वापसी

**बर्मिंघम.** प्रीमियर लीग के शुरुआती मुश्किल दौर के बाद, एस्टन विला अब शीर्ष फॉर्म में लौट आया है, और इसका श्रेय जाता है मैनेजर उनाई एमरी की दूरदर्शिता, धैर्य और अडिग विश्वास को। सिर्फ 11 सप्ताह पहले, विला बिना किसी जीत के लीग में तीसरे स्थान से नीचे था, जबकि अब यह टीम तीसरे स्थान पर है और शॉर्टलिस्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। शनिवार को लीग लीडर आर्सेनल के खिलाफ 2-1 की रोमांचक जीत ने विला की ताकत को साबित किया। यह एमरी की 163वीं प्रीमियर लीग जीत थी, जो क्लब के इतिहास में सबसे अधिक है। एमरी ने टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया, लेकिन उनकी सटीक रणनीति और प्रशिक्षण दृष्टिकोण ने खिलाड़ियों को फिर से मजबूती दी। क्लब के अंदर उनकी सख्त अनुशासन और उच्च फोकस वाले प्रशिक्षण सत्रों ने खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाया। एमरी ने कहा, 'मैं टीम की मूल भावना और मूल संरचना पर भरोसा करता हूँ। खिलाड़ियों को सही दिशा में लाने के लिए धैर्य और निरंतर प्रयास आवश्यक है।'

#### मैच फीस सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

**मुम्बई.** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 22 दिसंबर को एपेक्स काउंसिल की वर्चुअल बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच एजेंडों पर चर्चा करेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस में बदलाव करने की योजना बना रहा है। महिला टीम की शानदार एकदिवसीय विश्व कप जीत के बाद मैच फीस में बदलाव की उम्मीद थी और बीसीसीआई ने इस मुद्दे पर बैठक में चर्चा करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिलाओं के बीच सैलरी में समानता है, घरेलू प्रतियोगिताओं में असमानताएं बनी हुई हैं। एजेंडा का एक और अहम मुद्दा पुरुष टीम के लिए केन्द्रीय अनुबंध है।





# न्यूजीलैंड को मिली बढ़त

## डेवन कॉन्वे और मिचेल हे ने खेली अर्द्धशतकीय पारी

**वेलिंग्टन 11 दिसंबर** डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

▶ **न्यूजीलैंड-वेस्ट इंडीज दूसरा टेस्ट**

न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुये। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाये। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुये।


### टिकनर हुए बाहर

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर कंधे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से बाहर हो गए हैं। बेसिन रिजर्व में पहले दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका कंधा जाम हो गया था। 32 वर्षीय टिकनर बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय घायल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर ले इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

# कोलकाता में मेसी की प्रतिमा का होगा अनावरण

**70** फीट ऊंची है प्रतिमा

**27** दिन में बनी है प्रतिमा





**कोलकाता, 11 दिसंबर। फुटबॉल के इतिहास में सर्वकालिक महानतम खिलाड़ियों की बहस चाहे कितनी भी हो, अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी का भारत दौरा निश्चित रूप से भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों के लिए उत्सव का अवसर बन गया है।**

इंडिया टूर 2025' के तहत मेसी कोलकाता में अपने प्रशंसकों से मिलेंगे और इस दौरे का सबसे बड़ा आकर्षण है 70 फुट ऊँची मेसी की विशाल प्रतिमा, जो कोलकाता के लेक टाउन में तैयार की गई है। इस प्रतिमा में मेसी को वर्ल्ड कप ट्रॉफी थामे हुए दिखाया गया है, जो उनके करियर के सबसे यादगार क्षणों में से एक है। इसे तैयार करने में कुल 27 दिनों और 45 कारीगरों ने मेहनत की, जिससे यह प्रतिमा विश्व स्तर की कारीगरी और भव्यता की मिसाल बन गई है। इस प्रतिमा का अनावरण मेसी स्वयं 13 दिसंबर को करेंगे। कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा, ताकि सुरक्षा और लॉ एंड ऑर्डर की पूर्ण व्यवस्था की जा सके।

महाद्वीपीय खेल ▶ दुबई में 50 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण, बटरफ्लाई में कांस्य ; साई और पीसीआई ने जताई गर्वपूर्ण सराहना

# अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स में दर्ज की दोहरी चमक

**दुबई, 11 दिसंबर एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में भारत के युवा पैरा तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने अपने शानदार कौशल, अथक परिश्रम और अटूट संकल्प की बदौलत वह उपलब्धि हासिल की है, जिसने न केवल देश का नाम रोशन किया, बल्कि भारतीय पैरा खेलों की बढ़ती प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाई दी है।**



इंदौरी ने दुबई में जारी इन महाद्वीपीय खेलों में 50 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक और 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी यह दोहरी सफलता भारतीय दल के लिए उत्साह से भरा क्षण है, जिसने इन खेलों में दमदार चुनौती पेश की है। एशियन यूथ पैरा गेम्स एशिया महाद्वीप के उन युवा पैरा खिलाड़ियों का मंच है, जहां खेल प्रतिभा, मानसिक साहस, खेल भावना और दृढ़ता की असाधारण मिसाल देखने को मिलती है। इस मंच पर पदक जीतना किसी भी खिलाड़ी के लिए गौरव का विषय होता है, और अब्दुल कादिर इंदौरी ने अपने प्रदर्शन से इस गौरव को सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा दिया। 50 मीटर बैकस्ट्रोक में उनका स्वर्ण पदक यह दर्शाता है कि वे अपने वर्ग में एशिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तैराकों में शामिल हैं। बैकस्ट्रोक इवेंट में इंदौरी का प्रदर्शन शुरू से ही प्रभावशाली रहा। उनकी शुरुआत तेज थी, स्ट्रोक्स ठोस और तालमेल अनुकरणीय।

साई ने पोस्ट किया- 'दुबई में डबल मेडल की लहर! अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में 50 मीटर बैकस्ट्रोक में गोल्ड और 50 मीटर बटरफ्लाई में ब्रॉन्ज जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का शानदार प्रदर्शन है।' इस संदेश में केवल बधाई ही नहीं, बल्कि इंदौरी द्वारा दिखाई गई प्रतिदिन की मेहनत और मानसिक शक्ति का सम्मान भी शामिल था। पैरा कमेटी ऑफ इंडिया ने भी अपने आधिकारिक संदेश में इंदौरी की उपलब्धि को भारत के लिए 'सुनहरा अवसर' बताते हुए लिखा 'अब्दुल की यह उपलब्धि उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा खिलाड़ियों की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। यह हमारे देश के पैरा खेलों के भविष्य का महत्वपूर्ण संकेत है।'